# अध्याय – 3: नमूना (पैटर्न) बनाने के उपकरण और शब्दावली



## 3.1 नमूना (पैटर्न) बनाने के उपकरण

| उपकरण का नाम | | उपकरण का नाम |
|---|---|---|
| उपकरण बॉक्स |  | आपके उपकरणों को ठीक से रखने के लिए एक बक्सा |
| कूल्हों का वक्र (हिप कर्व) |  | महिलाओं की पोशाकों की घुमावदार रेखाओं को खींचने के लिए। एक घुमावदार रूलर |
| ग्रेडिंग रूलर |  | इंचों और इंच के अंशों (या मिलीमीटर) से अंकित पारदर्शी प्लास्टिक का 2'' X 18'' का सीधा रूलर। सीधी रेखाओं को मापने और चिह्नित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। |

| | | |
|---|---|---|
| फ्रेंच वक्र |  | महिलाओं के वस्त्रों में आस्तीन के छेदों (आर्महोल) और गले की घुमावदार रेखाओं को अंकित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक घुमावदार रूलर। |
| पैर का वक्र |  | पुरुषों के वस्त्र में घुमावदार रेखाओं को अंकित करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक घुमावदार रूलर। |
| कैंची |  | 8'' से 12'' के आकार में उपलब्ध एक काटने का उपकरण है, जिसमें दो तेज धार वाले सीधे ब्लेड होते हैं। पेपर के नमूने और कपड़े को काटने  के लिए इस्तेमाल किया जाता है। |
| ट्रेसिंग व्हील |  | हत्थे के एक छोर पर लगाया हुआ छोटा दाँतेदार या सुई बिंदु पहिया युक्त एक उपकरण। नमूने के चिह्नों को कागज से मलमल पर स्थानांतरित करने के लिए प्रयुक्त। |
| लचीले रूलर |  | आस्तीन के छेद (आर्महोल) और गले की रेखाओं को मापने के लिए एक लचीला रूलर। |
| नॉचर |  | सीवन की केंद्र रेखाओं, आराम और डार्ट की सुविधा को संकेतित करने के लिए एक संकीर्ण यू आकार में काटता है। |
| मापने का फीता |  | धातु के छोर वाला संकीर्ण, मजबूती से बुने हुए कपड़े या प्लास्टिक का आमतौर पर 60'' (150 सेमी) लंबा इंच और सेंटीमीटर दोनों के साथ चिह्नित दोहरा फीता। |
| कटर |  | सीधी रेखाओं को काटने के लिए काटने का एक तेज उपकरण |
| बोर्ड की पिनें |  | ड्रम के आकार का 1/2'' लंबा पी'' बिंदुओं को घुमाने (पिवटिंग) और स्थानांतरित करता है, कपड़े के नमूने के टुकड़ों को मेज पर जकड़ कर रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है, |

| | | |
|---|---|---|
| सेलो टेप |  | नमूने (पेटर्न) को पकड़ कर रखने और कागज की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने के लिए पारदर्शी टेप |

3.2 नमूनों के अन्य सहायक (अदर पैटर्न **ऐड**)

आल **पन्स**: अच्छी, लंबी, जंग रहित पिनें। उनका ड्रेपिंग में मलमल के टुकड़ों को एक साथ संलग्न करने और फिटिंग की जाँच के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

चुंबकीय पिन धारक/पिन कुशनः पिन रखने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

मलमलः प्रक्षालित या प्रक्षालित धागे से बने एक सादी बुनाई का कपड़ा है, जिसकी वजन और बनावट में भिन्नता होती है। प्रयोग और डिजाइन अवधारणाओं को विकसित करने के लिए इसका उपयोग किया जाता है।

12''/24'' स्केलः धातु या प्लास्टिक का 12''/24'' लंबा रुलर।

पेंसिलः मलमल, स्वरूप या स्लॉपर को विकसित करने में रेखाएं खींचने के लिए उपयोग किया जाता है।

एल–स्क्वायरः सम कोण पर जुड़े प्लास्टिक या धातु के अलग–अलग लंबाई आमतौर पर 12'' और 24'' के दो रुलरों वाला रूलर। सीधी और समानांतर रेखाएं बनाने और संदर्भ बिंदु को चिह्नित करने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।

पोशाक के रूपः एक मनुष्य के रूप में एक मानकीकृत अनुकरण, कपास के गद्देयुक्त और कैनवास से ढका, एक घुमने वाला, हल्का समायोज्य स्टैंड और दबाने योग्य कंधे और स्लॉपर पर स्थापित किया जाता है। इसका उपयोग माप लेने, नमूनों के विकास, परिधान के नमूनों की फिटिंग, वस्त्रों में बदलाव करने और परिधान के लिए शैली रेखाओं की स्थापना करने के लिए किया जाता है।

पैटर्न कागजः विविध वजन और चौड़ाई में उपलब्ध मजबूत सफेद कागज है।

अखबारी कागजः रफ ड्राफ्ट के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

भूरे रंग का मोटा कागजः तैयार पैटर्न के लिए भूरे रंग का मजबूत कागज। पैटर्न का प्रारंभिक मसौदा तैयार करने और अंतिम पैटर्न के विकास के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

स्लॉपर/मास्टर/ब्लॉक/बुनियादी पैटर्न बनानाः निर्धारित आकार के पोशाक रूपों के लिए, स्टाइल रेखाओं, विशिष्ट माप के लिए बिना सीवन बढ़त, से विकसित किये गये एक पोशाक का नमूना। मूल शैलियों के विकास की सुविधा के लिए उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, जिससे विभिन्न चोलियों, स्कर्ट, कपड़े, पैंट, आस्तीन के डिजाइनों को विकसित किया जा सकता है।

चुंबकः पिनों और सुइयों को उठाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

पिन कुशनः विभिन्न आकृति और आकारों का एक छोटा सा मजबूत भरा हुआ तकिया। इसका पिन, सुइयों को रखने और आसानी से निकालने के लिए प्रयोग किया जाता है।

3.3 पारिभाषिक शब्द (शब्दावली)

ब्लॉक/स्लॉपरः स्लॉपर शब्द का उपयोग पैटर्न की किसी भी शैली के लिए पैटर्न बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले टुकड़ों के एक बहुत ही बुनियादी सेट के लिए किया जाता है। यह बुनियादी चोली, स्कर्ट, बांह या इस तरह के किसी भी बुनियादी स्वरूप के लिए काटे गए कागज के लिए किया जाता है, जिससे सभी अन्य डिजाइन विकसित किए जाते हैं। ब्लॉक शब्द सामान्य रूप से एक विशिष्ट रूप या चित्रों के आयाम का प्रतिनिधित्व करता है। शरीर की आकृति पर फिट होने के लिए डार्ट्स होते हैं लेकिन कोई अन्य डिजाइन विशेषताएं नहीं होती हैं। यह एक बुनियाद है, जिसका एक डिजाइन का पैटर्न बनाने के लिए प्रयोग किया जाता है और कोई सिलाई बढ़त नहीं होती है।


यह महत्वपूर्ण है कि सही ब्लॉक डिजाइन का चुनाव किया जाय **इसमें** अनुकूलन के दौरान समय की बचत होने के साथ ही ये अंतिम आकार को भी प्रभावित कर सकते हैं। तालिका में सूचीबद्ध मानक माप की बजाय अलग–अलग माप का उपयोग करके अलग–अलग आकारों में फिट करने के लिए बुनियादी ब्लॉक आकारों का मसौदा तैयार किया जा सकता है।


ब्लॉक में **निम्न ल खत** जानकारी होनी चाहिएः–


♦ ब्लॉक के नाम जैसे स्कर्ट का सामने का हिस्सा, चोली के पीछे का भाग आदि


♦ दाने (ग्रेन) **की** रेखा नमूने के प्रत्येक टुकड़े पर एक छोर से दूसरे छोर तक खींची गई जो यह **संकेत** करती है कि नमूने को कपड़े की लंबाई के दानों के लिहाज से किस तरह व्यवस्थित किया जाना चाहिए।

♦ आकार– उदाहरण –32,34,36 या एस,एम, एल








*एक डार्ट चोली (बोडिस)*

*सामने का भाग*

*आकार #34*
*बुनियादी चोली (बोडिस)*
*पीछे का भाग*
*आकार #34*
*बुनियादी चोली (बोडिस)*
*पीछे का भाग*
*आकार #34*
*आस्तीन*
*आकार #34*
*पीछे*
*सामने*
*बुनियादी स्कर्ट पीछे आकार #:34*
*बुनियादी स्कर्ट सामने आकार #:34*

नमूना (पैटर्न): नमूने को ब्लॉक से विकसित किया जाता है जिसमें काटने और सीवन की जगह सहित परिधान तैयार करने के लिए आवश्यक सभी जानकारी शामिल होती है।




*एबी 02*
*बुनियादी*
*पीछे का भाग*
*आकार #34*
*कट–1*

*एबी 01*
*बुनियादी*
*सामने का भाग*
*आकार #34*
*कट–1*

*एबी 05*
*बुनियादी आस्तीन*
*आकार #34*
*कट–2*
*पीछे का भाग– सामने का भाग*

*एबी 04*
*स्कर्ट का पीछे का भाग*
*आकार #34*
*कट–2*

*एबी 04*
*स्कर्ट का सामने का भाग*
*आकार #34*
*कट–2*

एक नमूने (पैटर्न) में शामिल की जाने वाली चीजें हैंः –

♦ दानों की रेखा (ग्रेन लाइन)

♦ सामने का केंद्र या पीछे का केंद्र

♦ नमूने के सेट का स्टाइल नंबर या कोड संख्या विकसित की जा सकती है, जैसे एबी 01, यहां एबी परिधान के प्रकार की पहचान कराता है और 01 पूरा सेट के टुकड़े की संख्या बताता है। अगर एक परिधान में नमूने के 5 टुकड़े हैं, तो टुकड़ों को एबी 01, एबी 02, एबी 03, एबी 04 और एबी 05 के रूप में संख्याएं दी जाएंगी।

♦ नमूने का टुकड़ा जैसे स्कर्ट के सामने का भाग, स्कर्ट के पीछे का भाग, पक्ष सामना आदि

♦ आकारः जैसे कि 32, 34, 36 या एस, एम, एल आदि

♦ काटने से संबंधित जानकारी – स्पष्ट रूप से यह उल्लेख किया जाना चाहिए कि कितने टुकड़े काटने होंगे उदाहरण– काट 1, काट 2, मोड़ पर कटाव।

♦काटने का निशान (नॉचेज) – वे निशान जो परिधान को वर्गों को इकट्ठा करने में मदद करते हैं।

♦दिशात्मक कपड़े – ऐसे कपड़े जिनमें एक तरफ फूलों के छापे, धारियां, लोई, मखमल, फर आदि के साथ डिजाइन किया गया है। नमूनों पर ''एक तरफ से काटें'' या (?) जैसा एक प्रतीक अंकित किया जाता है।

♦तारीख – एक संदर्भ बिंदु के रूप में संकेतित ।

♦सीवन की व्यवस्था।


सीवन की व्यवस्थाः स्थान और अंतिम उद्देश्य के आधार पर प्रत्येक सीवन रेखा के लिए आवश्यक सीवन बढ़त का परिमाण भिन्न हो सकता है। आम तौर पर उद्योग में प्रयुक्त सीवन बढ़त इस प्रकार हैं–

1/4''– गहरे (तीखे) कटावों के लिए

½"– गले, बाँह के छेद (आर्म होल), कमर, स्टाइल रेखा, आदि जैसे चिकने वक्रों के लिए

1''– बगल की सिलाई, मध्य रेखा, कंधे, जेबों, आदि की सीधी सिलाई रेखा के लिए

2''– पोशाकों, स्कर्ट, आदि में किनारी की रेखा के लिए




मलमलः फिटिंग की जाँच के लिए मलमल का प्रयोग किया जाता है। यह मूल रूप से सादी बुनाई का एक अप्रक्षालित सूती कपड़ा है। यह हल्के, मध्यम और भारी वजन में उपलब्ध है। मध्यम गुणवत्ता के मलमल का फिटिंग की जाँच और ड्रेपिंग के लिए प्रयोग किया जाता है।

दानों की रेखा (ग्रेन लाइन): दानों की रेखा प्रत्येक नमूने (पैटर्न) के टुकड़े के एक छोर से दूसरे छोर तक खींची गई रेखा है जो संकेतित करती है कि कपड़े की लंबाई के दानों के साथ नमूने (पैटर्न) को किस तरह से संरेखित किया जाना चाहिए। नमूने (पैटर्न) के टुकड़ों को कपड़े पर किनारे के समानांतर पैटर्न पर खींची गई रेखा की दिशा में रखा जाएगा।

संतुलन (शेष) संतुलन परिधान के लटकाव और अनुपात को दर्शाता है। फैशन एक निश्चित सीमा तक संतुलन का निर्धारण करता है, उदाहरण के लिए छोटी स्कर्ट पर लंबे टॉप पहनना उचित है। जहां तक समतल पैटर्न काटने का सवाल है, उसमें परिधान के फिटिंग की जाँच करने तक अक्सर सही संतुलन का पता करना मुश्किल होता है।

संतुलन चिह्नःनमूने (पैटर्न) के पूरक टुकड़ों के किनारों पर निशान बनाए जाते हैं, जिनसे संबंधित सीवन रेखा और क्षेत्र का संकेत मिलता है। निर्माण में वे सभी सीवनों पर एक उपयोगी मार्गदर्शन करते हैं। हालांकि, अगर किसी नमूने (पैटर्न) में अलग बढ़त या आकार के दो टुकड़ों को जोड़ना आवश्यक हो, तो यह बताने के लिए कि एक सीवन रेखा किस स्थान पर दूसरी से बड़ी या पुष्ट होगी संतुलन के निशान महत्वपूर्ण होते हैं। पैटर्न काटते समय कागज के किनारे पर पेंसिल के छोटे निशान बनाएं, अंतिम पैटर्न तक सभी चरणों के में उनकी नकल करते रहें। तैयार पेपर पैटर्न पर संतुलन के निशान जो त्रिकोण द्वारा संकेतित किए जाते हैं और नॉचेज रूप में जाने जाते हैं।

डार्टः पैटर्न पर चिह्नित पच्चर या त्रिकोणीय आकार है जो परिधान की फिटिंग को नियंत्रित करता है।


डार्ट लेग– त्रिकोणीय आकार के दो पक्षों में और एक ही लंबाई के होनी चाहिए।

डार्ट बिंदु– वह बिंदु है जिस पर डार्ट समाप्त होता है।

डार्ट इनटेक– डार्ट के पैरों के बीच दबाव का परिमाण।


शीर्ष–वक्ष का उच्चतम बिंदु।

डार्ट एक शरीर पर उभार/वृद्धि के उच्चतम बिंदु से विकीर्ण होते हैं, ये उभार आम तौर पर गोल होते हैं। अगर सामने की चोली पर डार्ट्स को शीर्ष तक सिला जाता है, वे शीर्ष पर एक बिंदु बनाएंगे और परिधान में तनाव आएगा। शरीर को गोल किया जाता है, नुकीला नहीं, इसलिए परिधान में तनाव या खिचाव से बचने के लिए, इस डार्ट्स को शीर्ष से दूर खत्म करने की जरूरत होती ळें




*डार्ट इनटेक*
*डार्ट लेग*
*डार्ट बिंदु*
*शीर्ष*
*डार्ट बिंदु*
*डार्ट लेग*
*डार्ट इनटेक*

एकल डार्ट नमूना (पैटर्न): आवश्यक पूरे दबावनियंत्रण के लिए एक एकल डार्ट का प्रयोग किया जाता है। डार्ट वक्ष बिंदु से 1/2″ दूर समाप्त होती है।





शीर्ष

दो डार्ट नमूना (पैटर्न): एक स्कर्ट या चोली में दो डार्टों सहित एक नमूना (पैटर्न)।

कमर की डार्ट वक्ष बिंदु से 3/4'' से 1'' दूर होती है।

अन्य डार्ट वक्ष बिंदु से 3/4'' से 11/2''  की दूरी पर होती हैं।




### 3.4 प्रतीक और संक्षेपण

| | | |
|---|---|---|
| सामने का केंद्र | सीएफ | |
| केंद्र से पीछे | सीबी | |
| दाने की (ग्रेन) रेखा | | |
| नॉचेज | | |
| बटन | | |
| बटन का छेद | एफ | |
| समने | बी | |
| पीछे | डब्ल्यूएल | |
| कमर | एएच | |
| बगल का छेद जिसमें आस्तीन लगाई जाती है | एसएस | |
| बगल की सीवन | एनएल | |
| गले की रेखा | एसएच | |
| कंधा | | |
| मोड़ पर ग्रेन लाइन | | |
| चुन्नट (प्लीट) (मोड़ की दिशा दिखाता तीर) | | |
| दुतरफा दाने की (ग्रेन) रेखा | | |
| एक तरफ दाने की (ग्रेन) रेखा | | |


## सारांश

अध्याय में निम्न विषयों को शामिल किया गया है:

1. नमूना (पैटर्न) बनाने के लिए इस्तेमाल किये जाने वाले उपकरण और औजार

2. नमूना (पैटर्न) बनाने में प्रयुक्त शब्दावली

अभ्यास

1. पुस्तकालय जाएं और नमूना (पैटर्न) बनाने पर उपलब्ध पुस्तकों को देखें तथा नमूना (पैटर्न) बनाने के विभिन्न प्रकार के उपकरणों को देखें, जिन्हें आप पहचान सकते हैं। इंटरनेट पर भी उपकरणों की तलाश करें। अपनी स्क्रैपबुक में विभिन्न उपकरणों के उपयोग के बारे में जानकारी दें।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:–

क. नमूना (पैटर्न) बनाने में........ और ....... खींचने के लिए एक ग्रेडिंग रूलर का प्रयोग किया जाता है।

ख. एक नमूने (पैटर्न) में .......... सीवन अंकित करने के लिए ........ वक्र का प्रयोग किया जाता है।
ग. एक नमूने (पैटर्न) पर एक सीवन लाइन अंकित करने के लिए ............ का प्रयोग किया जाता है।
घ. नमूना (पैटर्न) ....... कागज पर बनाया जाता है और ............. पर उसकी फिट की जांच की जाती है।
ङ. ............ पर (कटाव) चिह्न अंकित करने के लिए ............... का इस्तेमाल किया जाता है।
च. डार्ट एक............ वेज है जो ................. के समतल टुकड़े को............ देता है।
छ. कमर डार्ट वक्ष से ............ इंच दूर और बगल की सीवन डार्ट ......... दूर है।
ज. संतुलन, एक परिधान में ......... तथा ३३३३ को दर्शाता है।
झ. एक नमूने (पैटर्न) ............ के लिए मलमल का प्रयोग किया जाता है और इसे ........... भी कहा जाता है।
ञ. नमूने (पैटर्न) को .............. कपड़े के ............. पर रखा जाता है।
ट. ............ एक शब्द है जो ............ शैली बनाने के लिए ....... टुकड़ों को स्थापित करने में इस्तेमाल किया जाता है।